an>

Title: Regarding the leave granted for moving a No Confidence Motion

SHRI MALLIKARJUN KHARGE (GULBARGA): Hon. Madam, please refer to Rule 198(b), Chapter XVII of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha. मैंने इस रूल के अंडर नोटिस दिया था। आपको इसे लार्जर पार्टी को मूव करने के लिए देना था, क्योंकि हम उनके साथ थे। हमने जो नो कॉनफिडेंस मोशन मूव किया था, आपने हमको उसका अवकाश नहीं दिया।

माननीय अध्यक्ष : खड़गे जी, मैंने पूरा दिया है। ऐसा नहीं होता है। मैंने नियम के अनुसार ही काम किया है। उसमें लिखा हुआ है। एक्चुअली पहले उन्होंने दिया था।

…(व्यवधान)

SHRI JYOTIRADITYA M. SCINDIA (GUNA): Everyone should get an opportunity to read it out. … (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : आप प्लीज़ मेरी बात सुनिए। उसमें बड़ी पार्टी, छोटी पार्टी, ये सब नहीं होता है।

…(व्यवधान)

श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया : मैडम, उसे पढ़ने के लिए मौका दिया जाए। …(व्यवधान) हमने भी उसे मूव किया है। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : उनका नाम लिया तो है।

…(व्यवधान)

श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया : मैडम, पढ़ने के लिए मौका भी दीजिए।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप प्लीज़ बैठो। I am sorry. आप सब नहीं समझ रहे हैं। मैंने आप सब के नाम लिए हैं। आप चाहें तो मैं फिर एक बार आपको नाम बता दूँ। आप देख लो, यह रिकॉर्ड में भी आ गया है। जिन-जिन लोगों ने नो कॉनफिडेंस

मोशन दिया था, उन सब के नाम मैंने पढ़कर सब को सुनाए हैं कि इनकी तरफ से भी आया है, लेकिन समय के अनुसार मुझे उसे देखना होता है और उसमें भी जिसका नाम पहले आता है, I have to give him accordingly. इसमें ऐसी कोई बात नहीं है कि इसे किसी ने भी दिया, यह हो गया कि इसे आप सब ने ही दिया है।

…(व्यवधान)

SHRI MALLIKARJUN KHARGE : Madam, you have admitted it. But that should be decided within 10 days.

माननीय अध्यक्ष : इसे भी जब उन्होंने उठाया, तो मैंने उनसे within 10 days कहा।

SHRI MALLIKARJUN KHARGE : You can allot the days, whether one, two or three, for this discussion. That is the rule.

HON. SPEAKER: The hon. Member, Prof. Saugata Roy, said the same thing and I told him that I will work according to the rule. I know that I have to take it up within 10 days. I also assured him that if anything is required, I will discuss it with him. I know it and I will allot the time for discussion accordingly.

SHRI MALLIKARJUN KHARGE : Madam, my only request is that while taking it, you should have taken all No Confidence Motions at a time.

माननीय अध्यक्ष : ऐसा नहीं होता है।

SHRI MALLIKARJUN KHARGE : I am requesting this because we, six or seven Members, have put the notices for No Confidence Motion.

माननीय अध्यक्ष : मैंने कहा है। Khargeji, now, you again go through the record and come to me. I am sorry. आप उसमें देख लेना। आप इस प्रकार से मुझ से बात मत कीजिए। I am sorry.

रसायन और उर्वरक मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री अनन्तकुमार) : जब आपने अविश्वास प्रस्ताव पर लीव मांगा तो कांग्रेस के सब सदस्य खड़े हो गए। के०सी० वेणुगोपाल जी का अविश्वास प्रस्ताव अक्सेप्ट हो गया है।

माननीय अध्यक्ष : आप बैठ जाइए। इसकी चर्चा नहीं होती है। I am sorry. Whatever Speaker has done, उसकी चर्चा मैं यहां नहीं करने दूंगी। क्योंकि मैंने नियम के अनुसार ही सब कुछ किया है। आप रिकार्ड में जाकर देखिए। मैंने सभी के नाम लिए हैं। बात केवल वहां आती है कि according to time and you know it better. उसके अनुसार उनकी पार्टी के दो-तीन लोगों ने दिया था, इसलिए उनका नंबर पहले आया। मैंने उनका नाम केवल रेज़ करने के लिए लिया था। ऐसे नहीं होता है, मैंने सभी का नाम लिया था। I have gone according to the rule. I am sorry.

Shri Mohanbhai Kundariyaji. Is he there?